# फर्जी ओटीपी से बनाए आठ जन्म प्रमाण पत्र

## स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और पोर्टल सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए

नवभारत न्यूज

**जीरापुर/ ब्यावरा 03 अप्रैल, सं. जिले के जीरापुर ब्लॉक अंतर्गत रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के ऑफिशियल मेल आईडी और प्रभारी के मोबाइल पर 8 जन्म प्रमाणपत्र को लेकर फर्जी ओटीपी से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) रामगढ़ में जन्म-मृत्यु पोर्टल पर फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने का गंभीर मामला सामने आया है.**

इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और पोर्टल सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. इसे आयुष्मान योजना के माध्यम से लाखों रूपयों का चूना लगाने की आशंका भी व्यक्त की जा रही है. फर्जी प्रमाण पत्र का उपयोग षड़यंत्र पूर्वक करना शासन को धोखा देकर लाभ कमाने से जोड़ा जा रहा है.



### आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा कर लाभ लेने की आशंका

पूरे मामले को स्वास्थ्य विभाग साईबर हैकिंग से जोड़कर देख रहा है . इसमें आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा कर लाभ लेने की आशंका व्यक्त की जा रही है . गौरतलब है कि इन दिनों ब्यावरा , राजगढ़ सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर मौजूद निजि चिकित्सालयों के द्वारा आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़ा कर बड़े पैमाने पर शासन का चूना लगाने की आशंका व्यक्त की जा रही है . जिले के कई अस्पताल इस काम में बड़ा घोटाला कर रहे है . फर्जी मरीज बताकर अथवा पात्रता नहीं रखने वाले को भी मोटी रकम लेकर लाभ देने और आयुष्मान के नाम पर शासन से भी राशि लेने और मरीज से भी नगदी राशि लेने की शिकायते प्राप्त हो रही है .

संस्था प्रभारी डॉ. सिमरन ठाकुर ने इस मामले को विभाग के सामने रखा है. उन्होंने लिखित आवेदन में बताया कि 16 मार्च को शाम करीब 5.27 बजे उनके मोबाइल नंबर पर अचानक ओटीपी प्राप्त हुआ. उस समय अस्पताल में किसी भी कर्मचारी को पोर्टल संचालन के लिए अधिकृत नहीं किया गया था. ओटीपी आने के तुरंत बाद 8 जन्म प्रमाण पत्र जारी होने से संबंधित ओटीपी प्राप्त हुए. जांच में सामने आया कि जारी किए गए प्रमाण पत्रों में न केवल स्थानीय बल्कि अन्य जिलों और यहां तक कि तेलंगाना राज्य के नाम भी शामिल हैं. इनमें नंदनी सोनी, मोहम्मद बिलाल मंसूरी, सुनिता बाई बागरी, पिंकी, मनीषा कुमारी, मुलागेरी श्रावंती, अकान बाई और अनिल नाथ के नाम दर्ज हैं.

## प्रेम का इजहार करने नशे में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

सारंगपुर 03 अप्रैल, सं. लीमाचौहान में शुक्रवार को एक 25 वर्षीय युवक एकतरफा प्रेमप्रसंग के चलते शराब पीकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया. सूचना मिलते ही टीआई और पुलिस बल ने मौके पर युवक को करीब एक घंटे तक समझाया और युवती से भी फोन पर बात की. युवक की पहचान निपानिया तुला गांव निवासी अनिल वर्मा (25) के रूप में हुई है, जो मिस्त्री का काम करता है. अनिल शुक्रवार सुबह से ही शराब पी रहा था. युवक ने बताया कि नशे की हालत में उसे सिर्फ वही युवती दिख रही थी, जिसके बाद उसने एकतरफा प्यार का इजहार करने के लिए टावर पर चढ़ने का फैसला किया. घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी, एसआई सुगनलाल धुर्वे, आरक्षक राधारमण मीणा और आरक्षक विक्रम ने युवक को लगभग एक घंटे तक समझाया. पुलिस ने संबंधित युवती से भी बात की.

# जल गंगा अभियान में प्याऊ की सफाई

नगर परिषद ने शुरू किया विशेष अभियान

टंकियों की सफाई से नागरिकों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल




नवभारत न्यूज

**सांची, नगर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक प्याऊ की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया. इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्याऊ की साफ-सफाई के साथ-साथ उनमें रखी पानी की टंकियों को भी व्यवस्थित रूप से साफ किया गया.**

नगर परिषद प्रशासन ने अभियान की शुरुआत करते हुए यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके. लंबे समय से उपेक्षित पड़ी प्याऊ की सफाई से लोगों को गंदे पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है.मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामलाल कुश्वाह ने बताया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी प्रमुख प्याऊ की नियमित सफाई कराई जा रही है. हमारा प्रयास है कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिले, जिससे किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न न हो.

### स्थानीय लोगों ने की पहल की सराहना

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान गर्मी के मौसम में बेहद आवश्यक हैं और इससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा. साफ पानी की यह पहल न केवल प्यास बुझाएगी, बल्कि जनस्वास्थ्य को भी सुरक्षित बनाए रखेगी.

# कचराघर बनी कुरवाई की बावड़ी

नवभारत न्यूज

**कुरवाई 3 अप्रैल, विदिशा जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणाम कागजों और धरातल पर दो अलग कहानियां बयां कर रहे हैं. एक ओर जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत ने यह रिपोर्ट पेश की कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी 1024 सार्वजनिक कुओं पर मुंडेर निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वहीं कुरवाई के वार्ड क्रमांक 4 से आई तस्वीरें इन दावों की कड़वी सच्चाई दिखा रही हैं.**



प्रशासन का दावा है कि कुरवाई सहित पूरे जिले में चिन्हित कुओं को सुरक्षित कर जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित कर दी गई है, लेकिन कुरवाई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने की स्थिति इसके ठीक उलट है. यहाँ की बड़ी बावड़ी के चारों ओर फेंसिंग तो है, लेकिन यह अब सुरक्षा के बजाय कचरा रोकने का घेरा बन गई है. मंदिर के ठीक सामने और बावड़ी के मुहाने पर गंदगी का ऐसा ढेर पड़ा रहता है कि श्रद्धालुओं का वहां खड़ा होना भी दूभर हो गया है.

## दो आदतन अपराधी हुए जिलाबदर

**टीकमगढ़।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट विवेक श्रोत्रिय ने पुलिस अधीक्षक श्री मनोहर सिंह मंडलोई की अनुशंसा पर दो आदतन अपराधियों को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर घोषित किया है। तदनुसार प्रेमचन्द्र उर्फ बड़े यादव पिता फूलसिंह यादव उम्र 26 साल निवासी ग्राम रूपगंज थाना चंदेरा तथा फूलसिंह यादव पिता रति यादव उम्र 52 साल निवासी ग्राम रूपगंज थाना चंदेरा जिला टीकमगढ़ को तीन माह की अवधि के लिये जिला टीकमगढ़ एवं समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने तथा इस अवधि में इन जिलों की राजस्व सीमाओं में लौटकर प्रवेश नहीं करने का आदेश दिया गया है।

# लापरवाह ठेकेदार को करें ब्लैकलिस्टेड : आयुक्त

## ग्रीष्मकाल में निर्बाध रूप से जल प्रदाय किया जाए, सीएमओ इसकी सतत निगरानी रखें

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम. आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे ने नर्मदापुरम संभाग की समस्त निकायों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए जाने के लिए तत्परता से कार्य किए जाएं।**



उन्होंने कहा की संभाग के समस्त निकायों के अंतर्गत क्षेत्र में स्वच्छता सर्वोपरि रखी जाए। आयुक्त श्री भोंडवे ने निर्देशित किया कि सभी निकाय अपनी पूरी क्षमता के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए जुटें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा की जाए साथ ही साथ सभी सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि सिटीजन फीडबैक को भी प्राथमिकता के साथ दैनिक समीक्षा प्रक्रिया में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि पूरा नगरीय विकास अमला गंभीरता से स्वच्छता सर्वेक्षण के साथ जुड़े और तत्परता से उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए कार्य करें। आयुक्त श्री भोंडवे ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण केवल एक अभियान न होकर निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, इसलिए सभी निकायों में स्वच्छता की स्थायित्व बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए।

## हनुमान प्राकट्योत्सव पर हुए भंडारे

**पिपरिया** हनुमान प्राकट्योत्व के अवसर पर बुधवार से कार्यक्रमो की शुरूआत हुई जो समाचार लिखे जाने तक भंडारो का आयोजन चलता रहा। हनुमान प्राकट् ?योत्सव पर शोभापुर रोड हनुमान मढिया, रानी पिपरिया हनुमान मंदिर, टोल नाका हनुमान मंदिर, हथवांस तिगड्डा हनुमान मंदिर, अनाज मंडी में पंचमुखी हनुमान मंदिर, पुराना गल्ला मंडी हनुमान मंदिर, वेयर हाउस हनुमान मंदिर,शोभापुर रोड बसस्टेंड हनुमान मंदिर,रेस्टहाउस हनुमान मंदिर, तहसील के पास हनुमान मंदिर सहित हनुमान मंदिरो में आयोजन पश्चात भंडारो का आयोजन रात्रि तक जारी रहा।

## एक नजर में




### मुनादी कराकर किया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

**बुधनी/ भैरूंदा.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद द्वारा बुधनी के अदालत कालोनी में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नगर परिषद के कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूह की दीदियों और नागरिकों ने पौधारोपण किया और जल एवं प्रकृति संरक्षण की शपथ ली .कार्यक्रम में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष रघुवंशी, पार्षद प्रभात भदोरिया, यशवंत चौहान उपस्थित रहे .सभी ने जल संरक्षण, हरित पर्यावरण और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से पौधारोपण किया. भैरूंदा नगर परिषद द्वारा जागरूकता वाहन के माध्यम से वार्डों में मुनादी कराकर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया .जल एवं प्रकृति संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई .

### मंजरी जैन को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी



**विदिशा,** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विदिशा की सक्रिय एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मंजरी जैन को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है .यह नियुक्ति पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास का प्रतीक मानी जा रही है .मंजरी जैन लंबे समय से संगठन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं . वे अपने प्रभावी वक्तव्य, मजबूत संगठनात्मक पकड़ और जनसंपर्क के लिए जानी जाती हैं .उनकी यह नियुक्ति न केवल विदिशा, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय मानी जा रही है .पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना इस बात का संकेत है कि संगठन उनके अनुभव, निष्ठा और कार्यक्षमता पर पूर्ण विश्वास करता है . राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनकी नियुक्ति से प्रदेश में पार्टी की मीडिया और जनसंपर्क गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी .मंजरी जैन की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है . अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है .

### जलाराम मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर आज

**मुलताई।** श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर सुंदरकांड मंडल गांधी चौक द्वारा शनिवार 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे से 3बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। सुंदरकांड मंडल के नमन अग्रवाल ने बताया जिला चिकित्सालय मे थैलीसीमिया बीमारी से पीड़ित बच्चो को रक्त की अत्यधिक आवश्यकता है, जिसके चलते मंडल के साथियो द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार 11बजे से 3बजे तक जलाराम मंदिर परिसर मुलताई मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया है। उन्होने आमजन से निवेदन किया है की शिविर मे शामिल होकर रक्तदान कर सहयोग प्रदान करे।

### विधायक ने पुस्तकें एवं सायकिल की वितरण

**जीरापुर.** समीपवर्ती ग्राम गागोरनी किला परिसर स्थित पीएमश्री शासकीय उ.मा. विद्यालय में नवीन सत्र 2026-27 के तहत प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की. विधायक श्री दांगी ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन, नव प्रवेशित विद्यार्थियों को साईकिले, पाठ्य-पुस्तकें वितरण की. विद्यालय परिसर में प्रस्तावित नवीन लैब कक्षों का भूमि पूजन किया गया. विधायक ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगा कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया. प्राचार्य रमेश चन्द्र दांगी ने विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों एवं कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया.

# अन्य जिलों में गड़बड़ियों के बाद सीहोर में सख्ती

- तहसीलदार व अधिकारी कर रहे गोदामों की जांच
- दो दिन में जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 3 अप्रैल. अन्य जिलों में गेहूं खरीदी से पहले गोदामों में अनियमित भंडारण और बिना स्लॉट बुकिंग के गेहूं रखे जाने के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है. इन गड़बड़ियों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी से पहले जांच के निर्देश जारी किए हैं.**

शासन के अनुसार रबी उपार्जन वर्ष के अंतर्गत गेहूं की खरीदी 10 अप्रैल से प्रारंभ होना है, लेकिन इससे पहले ही कुछ जिलों में नियमों के विरुद्ध भंडारण की शिकायतों ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



जांच के दौरान श्यामपुर स्थित जानकी वेयरहाउस, नीलेश वेयरहाउस, कान्याखेड़ी का पटेल वेयरहाउस, गिल्लौर का सुदामा वेयरहाउस, बड़नगर के कमला और प्रतिभा श्री वेयरहाउस, बोरदी कला का श्री अष्ट विनायक वेयर हाउस, पांगरखाती का कमला श्री वेयरहाउस तथा भंवरी कला का महाकाल वेयरहाउस सहित कई गोदामों का निरीक्षण किया गया.

इसी को ध्यान में रखते हुए जिले में तहसीलवार एवं गोदामवार अधिकारियों के जांच दल गठित किए गए हैं, जिन्हें सभी चिन्हांकित गोदामों का भौतिक सत्यापन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जांच कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और 2 दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए. निर्देश मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया और अधिकारियों के दल निरीक्षण में जुट गए.

# पूर्व शासकीय वकील और पत्नी की संदिग्ध मौत

नवभारत न्यूज

**गुना 3 अप्रैल का। शहर की पॉश सोनी कॉलोनी उस वक्त सन्न रह गई, जब शुक्रवार की सुबह एक दो मंजिला मकान के बंद कमरों के भीतर से बुजुर्ग दंपती के शव मिलने की खबर फैली।**



घर की दहलीज पर खुशियों की उम्मीदें दम तोड़ चुकी थीं।75 वर्षीय वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार गोयल फंदे पर लटके मिले, वहीं उनकी पत्नी और रिटायर्ड शिक्षिका किरण गोयल का निष्प्राण शरीर पलंग पर पड़ा था।

इस पूरी घटना में सबसे मर्मस्पर्शी पहलू वह आखिरी बातचीत है, जो दिलीप कुमार गोयल ने गुरुवार शाम अपने नाती पंकज से की थी। पंकज ने रुंधे गले से बताया कि दादाजी ने फोन कर बच्चों से मिलने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा था, 'अभी बारिश जैसा मौसम है, अभी मत आना। हमने खाना खा लिया है, कल सुबह तुम्हारे यहाँ आऊँगा, मेरे लिए दाल-टिक्कड़ बना लेना।' पंकज शुक्रवार सुबह 10 बजे अपने दादाजी की पसंद का खाना बना ही रहा था कि अचानक पड़ोसियों का फोन आया और खुशियों की जगह मातम ने ले ली।

## प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर ठाकुर को दी बधाई

नवभारत न्यूज

**पठारी,** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल द्वारा क्षेत्र के भाजपा नेता कलपेश ठाकुर को मीडिया विभाग का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है. इस अवसर पर अनेक भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी.बधाई देने वालों में अरुण सहेले, चंद्रभान सिंह दांगी , संजय जैन, आश्रय सहेले, सिद्धांत ठाकुर, पदम सिंह ठाकुर, इंद्राज सिंह ठाकुर, सुरवेंद्र सिंह ठाकुर, रितेश जैन , पृथ्वी सिंह ठाकुर सहित क्षेत्र के अन्य भाजपा नेता शामिल रहे.



# फोन-पे ट्रांजेक्शन से पकड़ाया हाथ काटने आया आरोपी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 3 अप्रैल. चोपना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

यह मामला प्रारंभ में एक अज्ञात नकाबपोश हमलावर द्वारा किए गए अंधे कत्ल के प्रयास का था, जिसे पुलिस ने सूझबूझ, तकनीकी साक्ष्यों और फरियादी की सतर्कता से सुलझाया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2026 को दोपहर लगभग 3.00 बजे ग्राम शिवसागर पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर विप्लव विश्वास एवं उनकी पत्नी सुशांति विश्वास पर एक अज्ञात नकाबपोश व्यक्ति द्वारा धारदार हथियार दाव (हंसिया) से नृशंस हमला किया गया। इस हमले में विप्लव विश्वास का बायां हाथ कलाई से लगभग अलग हो गया तथा चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। घटना के दौरान पत्नी सुशांति विश्वास ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हमलावर से अपने पति को बचाया एवं राहगीरों की सहायता से तत्काल घोड़ाडोंगरी अस्पताल पहुँचाकर पुलिस को सूचना दी। रिपोर्ट पर थाना चोपना में धारा 109, 115(2), 117(2), 118(1), 351(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान फरियादी सुशांति विश्वास ने हमलावर के हुलिए, कद काठी एवं कपड़ों के आधार पर संदेह व्यक्त किया कि आरोपी उनका पूर्व परिचित प्रणव मिस्त्री हो सकता है, जिससे पुरानी रंजिश थी। संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर की गई सघन पूछताछ में आरोपी प्रणव मिस्त्री ने अपना अपराध स्वीकार किया।

आरोपी ने बताया कि वर्ष 2020-21 में पीड़ित परिवार द्वारा की गई शिकायत के कारण उसकी सामाजिक बदनामी हुई थी, जिससे उसका विवाह बार-बार टूट रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने बदले की भावना में हत्या की साजिश रची। घटना से पूर्व आरोपी ने एक लोहार से 850 में 'दाव'खरीदा था, जिसका भुगतान उसने फोन-पे के माध्यम से किया था। पुलिस ने इस डिजिटल ट्रांजैक्शन की पुष्टि कर वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ मजबूत केस तैयार किया।

**आगजनी** | आगजनी की घटना से मची अफरा-तफरी

# कपड़ा शोरूम में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंची दमकल ने पाया काबू

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे कलेक्टरेट रोड़ पर चकरा तिराहा के पास रेडीमेड कपड़ा शोरूम में आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देख आसपास हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे शोरूम को अपनी चपेट में ले लिया।**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में शोरूम के अंदर रखे कपड़े और अन्य सामान जलकर खाक होने लगे। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें इतनी भयंकर थीं कि उन पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग तेजी से फैलकर बगल की फर्नीचर की दुकान तक भी पहुंच गई। शोरूम के अंदर रखे कपड़े और अन्य सामान जलकर खाक होने लगे।

सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची। हालांकि नगर पालिका की दो फायर ब्रिगेड में से एक खराब होने के कारण आग बुझाने में बाधा आई। इसके बाद आसपास की नगर परिषदों से अतिरिक्त फायर ब्रिगेड बुलाई गईं।

फिलहाल प्रशासनिक अमला दमकल टीम और पुलिस के जवान मौके पर मौजूद हैं और आग बुझाने का प्रयास जारी है। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

ज्ञात रहे कि हर वर्ष गर्मी के इसी मौसम में आगजनी जैसी घटनाएं सामने आती हैं। हर बार प्रशासन यह तय कर देते है कि शहर के बीचों-बीच ज्वलनशील पदार्थों के गोदाम संचालित नहीं होगें, किन्तु यह गोदाम नगर में ही संचालित होते हैं। नगरवासियों ने इस बार फिर प्रशासन से अपील की है कि नगर के लुकमान चौराहा से लेकर शक्ति टॉकीज रोड़ तक बीच बाजार में ज्वलनशील पदार्थों के बड़े-बड़े गोदाम है, जिन्हें कहीं और सिफ्ट कराया जाए। लोगों को मानना है कि यह खतरे से खाली नहीं है।

### थाना प्रभारी ने तोड़ा दरवाजा

चकरा तिराहा पर कपड़े के शो-रूम में आग की सूचना लगते ही नगर के कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक एवं सीएमओ ओमपाल भदौरिया मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान नगर निरीक्षक रवि भूषण ने लोहे की रॉड से आगजनी वाले मकान के दरवाजे को बाहर तोड़ने का कार्य किया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर विहिप का सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

**अशोकनगर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा हनुमानगढ़ प्रखंड द्वारा हनुमानगढ़ वर्तमान ईसागढ़ में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस मौके पर प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर संपर्क आयाम डॉक्टर दीपक मिश्रा ने कहा जिस प्रकार से हनुमान जी ने अपना जीवन समर्पित किया है, उसी प्रकार युवाओं को राष्ट्र समाज के लिए समर्पित होकर जीना चाहिए। आज हमारे देश में राष्ट्र धर्म विरोधी शक्तियां समाज को बांट रही हैं, उनसे हमें हनुमान जी जैसी बुद्धि विवेक से कम लेकर समाज की रक्षा करना है.